# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी

# मई, 2024

संजीव वेबसाइट से नि:शुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी मई, 2024
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 2 May, 2024

- **1 मई, 2024 को ओडिशा के अब्दुल कलाम द्वीप से स्मार्ट-03 मिसाइल के लैंड वर्जन (जमीनी संस्करण) का सफल परीक्षण किया गया। इसे जमीन से हवा में प्रहार करने के लिए बनाया गया है।**

- **अप्रैल, 2024 में जीएसटी संग्रह का रिकॉर्ड बना; पहली बार ₹ 2.10 लाख करोड़ से अधिक रहा–**

भारत का जीएसटी संग्रह पहली बार नए रिकॉर्ड के साथ अप्रैल, 2024 में ₹ 2.10 लाख करोड़ से अधिक रहा है। अप्रैल, 2024 में पहली बार भारत का कुल जीएसटी संग्रह ₹ 2,10,267 करोड़ रहा है।

हाल ही में जारी वित्त मंत्रालय के आँकड़ों के मुताबिक घरेलू लेन-देन और आयात में मजबूत वृद्धि के कारण गत वर्ष के मुकाबले जीएसटी कलेक्शन 12.4% बढ़ा है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 का कुल जीएसटी कलेक्शन 20.18 लाख करोड़ रुपए रहा है। यह 2022-23 में 20 लाख करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2023-24 का औसत मासिक जीएसटी कलेक्शन 1.68 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वित्तीय वर्ष के औसत 1.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है।

**महाराष्ट्र सर्वाधिक जीएसटी कलेक्शन वाला राज्य बना–** अप्रैल, 2024 में महाराष्ट्र ने सबसे ज्यादा 37,671 करोड़ रुपए का जीएसटी कलेक्शन किया। कर्नाटक (15.978 करोड़ रुपए) दूसरे, गुजरात (13,301 करोड़ रुपए) तीसरे, उत्तर प्रदेश (12,290 करोड़ रुपए) चौथे स्थान पर रहा।

वित्त वर्ष 2023-24 का जीएसटी कलेक्शन एक नजर में–

| माह | जीएसटी कलेक्शन (₹ करोड़ में) |
|---|---|
| मई, 2023 | 1,57,090 |
| जून, 2023 | 1,61,497 |
| जुलाई, 2023 | 1,65,105 |
| अगस्त, 2023 | 1,59,069 |
| सितम्बर, 2023 | 1,47,686 |
| अक्टूबर, 2023 | 1,72,003 |
| नवम्बर, 2023 | 1,67,929 |
| दिसम्बर, 2023 | 1,64,882 |
| जनवरी, 2024 | 1,74,106 |
| फरवरी, 2024 | 1,68,337 |
| मार्च, 2024 | 1,78,484 |
| अप्रैल, 2024 | 2,10,267 |

**राज्यों में जीएसटी की ग्रोथ (राशि करोड़ रुपए में)**

| राज्य | अप्रैल, 2024 | ग्रोथ |
|---|---|---|
| राजस्थान | 5,558 | 16% |
| मध्यप्रदेश | 4,728 | 11% |
| छत्तीसगढ़ | 4,001 | 14% |
| उत्तर प्रदेश | 12,290 | 19% |
| हरियाणा | 12,168 | 21% |
| गुजरात | 13,301 | 13% |
| दिल्ली | 7,772 | 23% |
| महाराष्ट्र | 37,671 | 13% |
| कर्नाटक | 15,978 | 9% |
| तमिलनाडु | 12,210 | 6% |

- अमेरिका की कैलिफॉर्निया यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने ऐसा प्लास्टिक विकसित किया है, जो एक अवधि बाद अपने आप खत्म हो जाता है। पॉलीयूरीथेन प्लास्टिक में ऐसा बैक्टीरिया मिलाया, जो प्लास्टिक खा जाता है। नेचर कम्यूनिकेशंस में प्रकाशित शोध के मुताबिक तब तक निष्क्रिय रहता है, जब तक प्लास्टिक इस्तेमाल में रहता है। कूड़ा-कर्कट के संपर्क में आते ही बैक्टीरिया प्लास्टिक खाने लगता है। शोध में शामिल वैज्ञानिक हान सोल किम का कहना है, हमें उम्मीद है कि यह खोज प्रकृति में प्लास्टिक-प्रदूषण कम करने में मददगार साबित होगी। नया प्लस्टिक फिलहाल लैब में है। जल्द इसे इस्तेमाल के लिए तैयार किया जा सकता है।

- **जी 7 देश वर्ष 2035 तक कोयला बिजलीघर बंद करेंगे–**

हाल ही में इटली के टुरिन शहर में हुई जी-7 देशों के मंत्रियों की दो-दिवसीय बैठक में संकल्प लिया गया है कि ग्रीनहाउस गैसों के बढ़ते वैश्विक उत्सर्जन को कम करने के

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

लिए ये देश साल 2035 तक कोयला बिजलीघरों का इस्तेमाल बंद करेंगे। जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वॉर्मिंग को सीमित करने की दिशा में इन विकसित अर्थव्यवस्थाओं का यह संकल्प बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है। जी-7 देशों के कोयला छोड़ने के संकल्प में 'अनअबेटेड कोल' की बात की गई है। इसका मतलब है कि अगर कोयला आधारित बिजलीघरों के पास उत्सर्जन को वातावरण में प्रवेश से रोकने के लिए कार्बन कैप्चर तकनीक हो, तो वे कोयला जलाना जारी रख सकते है। ऐसे में जिन देशों की कोयले पर बहुत अधिक निर्भरता है, वो इस कोयला का इस्तेमाल खत्म करने की तय समयसीमा को लांघ सकेंगे। इस साल इटली जी-7 की अध्यक्षता कर रहा है।

■ **जगन्नाथ रथ के पहिए, अब नहीं तोड़े जाएंगे, जगन्नाथ पुरी रेलवे स्टेशन पर लगेंगे; भगवान की रसोई में होते थे इस्तेमाल—**

ओडिशा में पुरी के भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में इस्तेमाल होने वाले पहिए अब तोड़े नहीं जाएंगे। रथ यात्रा के लिए बनाए जाने वाले तीनों रथ का एक-एक पहिया पुरी स्टेशन पर स्थापित होगा।

पुरी स्टेशन देश के उन 1,321 स्टेशन में से एक है, जिन्हें अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चयनित किया गया है।

परंपरा के अनुसार प्रत्येक वर्ष रथयात्रा समाप्त होने के बाद तीनों रथों को विखंडित कर उनकी लकड़ी का उपयोग मंदिर की रसोई में कोठा भोग (देवताओं के लिए व्यंजन) पकाने के लिए किया जाता रहा है।

लेकिन, भारतीय रेलवे ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुरी स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने के लिए तीनों रथों के पहियों को स्टेशन के कॉनकोर्स में स्थापित करने का निर्णय लिया है। पुरी में रथ यात्रा के लिए हर वर्ष तीनों आराध्य (भगवान जगन्नाथ, उनके भाई भगवान बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा) के लिए लकड़ी के विशाल रथ बनाए जाते है। इन्हें भक्त खींचकर गुंडिचा मंदिर तक ले जाते है और वहाँ एक सप्ताह रहने के बाद रथ दोबारा जगन्नाथ मंदिर लाए जाते हैं।

## Newspaper of 4 May, 2024

■ **भारत के पहले स्वदेशी बमवर्षक यूएवी का बेंगलुरू में अनावरण हुआ; यह 100 किलोग्राम पेलोड के साथ सटीक हवाई हमले में सक्षम है; कीमत 25 करोड़ रुपए होगी—**

3 मई, 2024 को भारतीय रक्षा और एयरोस्पेस कंपनी फ्लाइंग वेज डिफेंस एंड एयरोस्पेस टेक्नोलॉजीज ने बेंगलुरू में देश के पहले स्वदेशी बमवर्षक मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) एफडब्ल्यूडी-200बी का अनावरण किया। इस यूएवी को पूरी तरह से भारत में डिजाइन और निर्मित किया गया है। फ्लाइंग वेज डिफेंस के संस्थापक सुहास तेजस्कंदा ने कहा कि यह यूएवी 100 किलोग्राम के पेलोड के साथ सटीक हवाई हमले करने वाले हथियार भी ले जा सकता है। उन्होंने कहा कि इससे भारत की मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा मिलेगा और यूएवी जैसे रणनीतिक रक्षा उपकरणों के लिए महंगे आयात पर निर्भरता कम होगी।

एफडब्ल्यूडी-200बी की कीमत बेहद कम है। तेजस्कंदा ने बताया कि यूएस प्रीडेटर ड्रोन की कीमत 250 करोड़ रुपए है जबकि इसकी कीमत 25 करोड़ रुपए होगी। यह विमान 20 घंटे तक 370 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आसमान में उड़ सकता है।

## Newspaper of 6 May, 2024

■ **ट्रेवल के लिए सबसे सुरक्षित टॉप 15 शहरों की सूची जारी; अमेरिका का द्वीपीय शहर होनोलूलू टॉपर—**

अमेरिका की ट्रेवल इंश्योरेंस एजेंसी बर्कशायर ने 2024 में ट्रेवल के लिए सबसे सुरक्षित टॉप 15 शहरों की सूची जारी की है। इसमें अमेरिका के द्वीपीय शहर होनोलूलू को पहला स्थान मिला है। 15 शहरों की सूची में अमेरिका के 2 शहर हैं। भारत का एक भी शहर टॉप-15 में नहीं है। अन्य 14 शहरों में मॉन्ट्रियाल, रिक्जेविक, सिडनी, एम्सटर्डम, दुबई, कोपनहेगन, लंदन, सियोल, वेनिस, टोक्यो, पेरिस, बार्सिलोना और ओरलांडो शामिल हैं। इसके अलावा महिलाओं के ट्रेवल के लिए सबसे सुरक्षित शहरों की सूची में भी होनोलूलू को पहला स्थान मिला है। 10 शहरों की सूची में होनोलूलू के बाद एम्सटर्डम, कोपनहेगन, रिक्जेविक, मॉन्ट्रियाल, लंदन, लास वेगास, सिडनी, पेरिस और मियामी ने जगह बनाई है। वहीं परिवार के साथ घूमने के लिए सबसे सुरक्षित शहरों में सियोल, होनोलूलू, दुबई, वेनिस, लंदन, टोक्यो, पेरिस, सिंगापुर, हॉन्गकॉन्ग और मियामी को शामिल किया गया है।

■ **अमेरिकी नौसेना ने अंडर-वाटर ड्रोन का सफल परीक्षण किया—**

हाल ही में अमेरिकी नौसेना ने अंडरवाटर ड्रोन मंटा रे का सफल परीक्षण किया है। यह ड्रोन समुद्र में बिना कोई ऊर्जा इस्तेमाल किए, लंबे समय तक रह सकता है और करीब 1600 किमी तक सफर कर सकता है। इसकी निगरानी करने की भी जरूरत नहीं होगी। यह ड्रोन छोटी नाव से कई गुना बड़ा है। अमेरिकी नौसेना इस प्रोजेक्ट पर काम रही है। इसके लिए नया अंडरवाटर ड्रोन बनाने की योजना है। मंटा रे के प्रोटोटाइप को अमेरिकी विमानन दिग्गज नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन ने तैयार

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

किया है। नौसेना का कहना है कि यह भविष्य में लंबे मिशनों को अंजाम देने में सक्षम होगा। रक्षा उन्नत अनुसंधान परियोजना एजेंसी में मंटा रे कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. काइल वोर्नर ने कहा, एक बार तैनात होने के बाद अंडरवाटर ड्रोन पानी के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए कुशल है। रक्षा विश्लेषकों ने अनुमान लगाया है कि अमेरिकी नौसेना रूसी और चीनी पनडुब्बियों की समुद्र में खोज करने के लिए लंबे मिशनों में इस्तेमाल होने वाले ड्रोन विकसित करना चाहती है।

## Newspaper of 7 May, 2024

- **7 मई, 2024 को भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स (58) बतौर पायलट तीसरी बार अंतरिक्ष में जाएंगी। वे बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्षयान से उड़ान भरेंगी, जिसे फ्लोरिडा में केप केनवेरल से अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए छोड़ा जाएगा।**

## Newspaper of 8 May, 2024

- **हाल ही में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वरिष्ठ राजनयिक जू फिहोंग को भारत में नया राजदूत नियुक्त किया है। फीहोंग इससे पहले अफगानिस्तान और रोमानिया में राजदूत रह चुके हैं।**

**गौरतलब है कि जू फीहोंग की भारत में राजदूत के रूप में नियुक्ति भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में जारी सैन्य गतिरोध के बीच हुई है।**


## Newspaper of 9 May, 2024

- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पास किए गए प्रस्ताव के तहत प्रतिवर्ष 25 मई को विश्व फुटबॉल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। यह दिन, पहले अन्तर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट की 100वीं वर्षगांठ का प्रतीक है, जो 25 मई, 1924 को पेरिस ओलंपिक में आयोजित हुआ था।

- **विदेशों में बसे भारतीयों ने देश में रिकॉर्ड 111 अरब डॉलर भेजे; 100 अरब डॉलर का रेमिटेंस हासिल करने वाला दुनिया का पहला देश बना–**

विदेशों में बसे भारतीयों ने एक साल में अपने देश में 111 अरब डॉलर भेजे हैं। इसके साथ ही भारत 100 अरब डॉलर का रेमिटेंस (प्रवासियों की ओर से घर भेजा गया पैसा) हासिल करने और इसे पार करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। संयुक्त राष्ट्र इमिग्रेशन एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में भारत ने रेमिटेंस के मामले में चीन-फ्रांस को भी पीछे छोड़ दिया है। दरअसल 2022 में भारत, मैक्सिको, चीन, फिलीपींस, फ्रांस शीर्ष पाँच रेमिटेंस पाने वाले देश रहे।

**12 साल में भारत में रेमिटेंस दोगुना**




रेमिटेंस पाने में पाकिस्तान और बांग्लादेश छठे और आठवें स्थान पर रहे, जहाँ क्रमश: 30 अरब डॉलर और 21.5 अरब डॉलर पहुँचे।

## Newspaper of 11 May, 2024

- **डीआरडीओ जोधपुर की रक्षा प्रयोगशाला ने रडार एब्जोर्बिंग पेंट बनाया; अब वायुसेना के लड़ाकू विमान दुश्मन देशों की रडार की पहुँच से दूर रहेंगे–**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन से सम्बद्ध रक्षा प्रयोगशाला जोधपुर की ओर से तैयार रडार एब्जोर्बिंग पेंट भारतीय वायुसेना के सभी लड़ाकू विमानों पर लगाया जाएगा। इसके बाद वायुसेना के लड़ाकू विमान दुश्मन देशों के रडार की पहुँच से दूर रहेंगे। डीआरडीओ तीन कम्पनियों को टेक्नोलॉजी ट्रांसफर कर रही है। कम्पनियाँ वायुसेना बेस पर जाकर लड़ाकू विमानों को पेंट करेंगी। डीआरडीओ जोधपुर ने 2019 में रडार एब्जोर्बिंग पेंट तैयार किया था, जिसके बाद से पाँच साल तक टेस्टिंग की जा रही थी। लेबोरेट्री प्लेटफॉर्म के लिए लड़ाकू विमान मिग-29-के को चुना गया। विमान पर पेंट लगाकर परीक्षण जोधपुर एयरबेस पर तैनात सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान पर किया गया। परीक्षण के बाद पेंट को हरी झंडी दी गई।

**एयरबेस पर भी पेंट लगाया, लेजर बम से होगी सुरक्षा–**इस पेंट का उपयोग सामरिक महत्त्व की वस्तुओं पर भी किया जाएगा। डीआरडीओ ने कुछ एयरबेस पर पेंट करके परीक्षण किया है। एयरबेस पर पेंट के बाद हवा में उड़ रहा लड़ाकू विमान का रडार उसको पकड़ नहीं पाया। इससे दुश्मन देशों के लड़ाकू विमानों के लेजर बमों से एयरबेस सुरक्षित रहेंगे। पेंट का दक्षिणी भारत में नेवी के बेस पर मिग-29 लड़ाकू विमान पर परीक्षण किया, जो सफल रहा।

गौरतलब है कि फ्रांस के रफाल लड़ाकू विमान और अमेरिका

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

के एफ-14 लड़ाकू विमानों पर भी रडार एब्जोर्बिंग पेंट है। रूस और चीन ने भी यह टेक्नोलॉजी विकसित की है, लेकिन वे भारत को यह टेक्नोलॉजी ट्रांसफर नहीं कर रहे थे, इसलिए भारत ने स्वयं की टेक्नोलॉजी तैयार की है।

**पेंट की विशेषताएँ–**

- 90 प्रतिशत तक तरंगों का अवशोषण।
- कम व अधिक तापमान पर स्थायी
- हाइड्रोलिक ऑयल, पानी, एयर टरबाइन फ्यूल के प्रति प्रतिरोध क्षमता।
- थर्मल शॉक साइक्लिंग को झेलने में सक्षम।
- एयरडायनेमिक कम्पन में सक्षम
- प्रेशर गन का उपयोग करके आसानी से पेंट

■ **चंद्रयान-3 टीम को जॉन एल जैक स्विगर्ट अवॉर्ड–**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की चंद्रयान-3 मिशन टीम को अंतरिक्ष खोज के लिए वर्ष 2024 का 'जॉन एल जैक स्विगर्ट जूनियर' अवॉर्ड दिया गया है। यह अमेरिका के स्पेस फाउंडेशन का सर्वोच्च अवॉर्ड है। यह अवॉर्ड 8 अप्रैल, 2024 को कोलोराडो में स्पेस फाउंडेशन के स्पेस सिम्पोजियम में दिया गया।

## Newspaper of 14 May, 2024

■ **चंद्रयान-4 की लैंडिंग शिव शक्ति पॉइंट के पास, मिशन 2028 तक किया जाना संभावित–**

इसरो चाँद पर एक ओर इतिहास रचने के लिए जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा के साथ मिलकर लूनर पोलर एक्सप्लोरेशन (ल्यूपेक्स) पर काम कर रहा है। इस मिशन का नाम चंद्रयान-4 होगा। चंद्रयान-4 की लैंडिंग साइट चंद्रयान-3 की लैंडिंग साइट शिव शक्ति पॉइंट के पास रखने की कोशिश की जाएगी। चंद्रयान-4 का मकसद चाँद की सतह की मिट्टी धरती पर लाना है। यह मिशन साल 2028 तक लॉन्च किए जाने की संभावना है। चंद्रयान-4 के माध्यम से चंद्रयान-3 के अभियान को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

चंद्रयान-4 मिशन एक चंद्र दिवस के बराबर होगा। चाँद पर एक दिन पृथ्वी के 14 दिन के बराबर होता है। वहाँ रातें सर्द होती हैं। तापमान -200 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाने से उपकरण जम जाते हैं। इसीलिए एक चंद्र दिवस के बाद चंद्रयान-3 का लैंडर विक्रम दोबारा सक्रिय नहीं हुआ था। चंद्रयान-4 बेहद जटिल मिशन है। इसके तहत कई प्रक्षेपण व अंतरिक्ष यान मॉड्यूल शामिल होंगे। अगर इसरो चाँद के नमूने एकत्र कर उन्हें विश्लेषण के लिए पृथ्वी पर लाने में सफल रहता है, तो अमेरिका, रूस व चीन के बाद भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश होगा।

■ **श्रीरामचरितमानस और पंचतंत्र यूनेस्को के 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर' में शामिल हुए–**

गोस्वामी तुलसीदास रचित 'श्रीरामचरितमानस' और पंडित विष्णु शर्मा द्वारा लिखे गए 'पंचतंत्र' के साथ सहृदयालोक-लोकन को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रीजनल रजिस्टर में जगह मिली है। यह निर्णय एशिया और प्रशांत क्षेत्र मामलों की विश्व स्मृति समिति (एमओडब्ल्यूसीएपी) की 10वीं आम बैठक में लिया गया। यह बैठक मंगोलिया की राजधानी उलनबटोर में हुई।

देश के प्राचीन हिंदू धर्मग्रंथ श्रीरामचरितमानस की सचित्र पांडुलिपियाँ और पंचतंत्र दंतकथाओं की 15वीं शताब्दी की पांडुलिपि एशिया-प्रशांत की उन 20 वस्तुओं में शामिल है, जिन्हें 2024 संस्करण के लिए यूनेस्को के 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रीजनल रजिस्टर' में शामिल किया गया है। इसके साथ ही यूनेस्को इस बात को स्वीकार करता है कि ये रचनाएँ विश्व में नैतिकता, संस्कृति, भाई-चारे, मानवीय मूल्यों के साथ-साथ पूरे समाज को आदर्श और प्रेम के बंधन से जोड़ने में मदद करती हैं।

■ **खो-खो का पहला वर्ल्ड कप 2 अगस्त, 2024 से 10 अगस्त, 2024 तक भारत में नई दिल्ली के इन्दिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित होगा। इसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, भूटान, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका और इराक सहित 17 देश भाग लेंगे।**

## Newspaper of 15 May, 2024

■ **भारतीय महिला टेबिल टेनिस खिलाड़ी मणिका बत्रा वर्ल्ड रैंकिंग में 24वें स्थान पर रहीं–**

भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मणिका बत्रा (28) ने वर्ल्ड रैंकिंग में 15 पायदान की छलांग लगाकर 24वां स्थान हासिल कर लिया। वे दुनिया की टॉप-25 महिला टेबल टेनिस खिलाड़ियों की सूची में शामिल होने वाली पहली भारतीय बन गईं। उन्होंने श्रीजा अकुला को पीछे छोड़ भारत की टॉप पोजीशन अपने नाम की। मणिका ने यह कीर्तिमान सऊदी स्मैश में शानदार प्रदर्शन के बाद हासिल किया, जिसमें उन्होंने वर्ल्ड नंबर-2 चीन की वांग मानयू और वर्ल्ड नंबर-14 जर्मनी की नीना मिट्टेलहम को हराया था। इस प्रदर्शन के दम पर उन्होंने 350 पॉइंट्स जीते और 840 पॉइंट्स के साथ 24वें पर आ गईं।

मणिका ने 4 साल की उम्र में खेलना शुरू किया था। अंडर-8 स्टेट टूर्नामेंट जीतने के बाद उन्होंने कोच संदीप गुप्ता के कहने पर हंसराज मॉडल स्कूल में दाखिला ले लिया। टीनएजर मणिका को उस दौरान मॉडलिंग के ऑफर मिले, लेकिन खेल के लिए उन्होंने ऑफर ठुकरा दिए। 16 साल की उम्र में उन्होंने स्वीडन जाकर टेबल टेनिस सीखने की स्कॉलरशिप छोड़ भारत में रहने का फैसला लिया था।

**मणिका बत्रा के अचीवमेंट्स–**

- साउथ एशियन गेम्स 2016 : 3 गोल्ड टीम, डबल्स, मिक्स्ड डबल्स, सिल्वर वीमेंस सिंगल्स

- कॉमनवेल्थ गेम्स 2018 : गोल्ड टीम, सिंगल्स, सिल्वर वीमेंस डबल्स, ब्रॉन्ज मिक्स्ड डबल्स
- एशियन गेम्स 2018 : ब्रॉन्ज मिक्स्ड डबल्स
- कॉमनवेल्थ टेटे चैम्पियनशिप 2019 : गोल्ड वीमेंस टीम
- एशियन कप 2022 : ब्रॉन्ज वीमेंस सिंगल्स

## Newspaper of 17 May, 2024

### पूर्ण स्वदेशी पोर्टेबल अस्पताल 'भीष्म' की लैंडिंग का सफल परीक्षण हुआ।

भारतीय वायुसेना ने आगरा में पूर्ण स्वदेशी पोर्टेबल अस्पताल 'भीष्म' का पहली बार जमीन पर उतारने का सफल परीक्षण किया। वायुसेना के एएन-32 विमान और पैराशूट की मदद से 720 किलो वजन के पोर्टेबल अस्पताल को 1000 फीट की ऊँचाई से जमीन पर लाया गया। इमरजेंसी में सिर्फ आठ मिनट में यह अस्पताल आसमान में उड़ता हुआ मदद के लिए पहुँच जाएगा। दुर्गम इलाके में इमरजेंसी के समय अस्पताल भीष्म को विमान या हेलिकॉप्टर की मदद से तुरंत उतारा जा सकेगा।

भीष्म में 36 क्यूब्स (बॉक्स) होंगे। इनमें इलाज के सभी संसाधन हैं। एक अस्पताल पर 1.50 करोड़ की लागत आई। इसमें एक्स-रे मशीन, खून की जाँच, ओटी, वेंटिलेटर की सुविधा है। यह बॉर्डर एरिया में सेना के लिए मददगार साबित होगा।

### कहानीकार मालती जोशी का निधन–

लेखिका और कहानीकार मालती जोशी (90) का दिल्ली में निधन हो गया। कहानी शैली को लेकर उन्हें विशिष्ट पहचान मिली। इस शैली पर देश के कई विश्वविद्यालयों में शोध हुए। मालती जोशी को 2018 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। उन्होंने हिंदी और मराठी में 60 से ज्यादा किताबें लिखीं।

### हाल ही में केन्द्र सरकार ने एनआइए के पूर्व प्रमुख दिनकर गुप्ता को जेडप्लस सुरक्षा देने का फैसला किया है। सीआरपीएफ की यह सुरक्षा पंजाब, चंडीगढ़ और दिल्ली में लागू होगी।

**दिनकर गुप्ता को जेड प्लस सुरक्षा खालिस्तानी आतंकी समूहों से खतरे को देखते हुए दी गई है।**

## Newspaper of 18 May, 2024

### ब्राजील पहली बार महिला विश्वकप फुटबॉल की मेजबानी करेगा; यह टूर्नामेंट का 10वां संस्करण होगा–

वर्ष 2027 के महिला विश्वकप का आयोजन ब्राजील की मेजबानी में किया जाएगा 17 मई, 2024 को मतदान के आधार पर मेजबानी को लेकर निर्णय हुआ। यह पहली बार है जब दक्षिण अमेरिका में महिला विश्वकप का आयोजन किया जाएगा। ब्राजील 1950 और 2014 में पुरुष विश्वकप की मेजबानी कर चुका है। यह विश्वकप का 10वाँ संस्करण होगा, जिसमें 32 टीमें शिरकत करेंगी।

## Newspaper of 19 May, 2024

### वियतनाम में नए राष्ट्रपति नियुक्त हुए–

हाल ही में वियतनाम में पुलिस मंत्री टू लैम को राष्ट्रपति के रूप में नामित किया गया है। वर्तमान में वियतनाम में कम्युनिस्ट पार्टी का शासन है। गौरतलब है कि वियतनाम में पिछले 18 महिनों में दो राष्ट्रपति और एक स्पीकर इस्तीफा दे चुके हैं। वियतनाम में संसद प्रमुख को भी बदल दिया गया है।

### दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी इगा स्विटेक तीसरी बार इटेलियन ओपन चैंपियन बनीं–

दुनिया की नंबर-एक खिलाड़ी इगा स्विटेक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरी बार इटेलियन ओपन का महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। 2021 और 2022 की चैंपियन स्विटेक ने फाइनल में नंबर-2 पर काबिज बेलारूस की आर्यना सबालेंका को 6-2, 6-3 से हराया।

स्विटेक ने लगातार दूसरे फाइनल में सबालेंका को हराने के साथ अपने करियर का 21वाँ और इस साल का चौथा डब्ल्यूटीए खिताब जीता। रोम तीसरा टूर्नामेंट है, जहाँ स्विटेक तीन बार की चैंपियन हैं।

### ल्योन टीम ने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 2-1 से शिकस्त देकर रेकॉर्ड 17वाँ फ्रैंच महिला लीग खिताब जीता।

17 मई, 2024 को ल्योन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 2-1 से शिकस्त देकर रेकॉर्ड 17वाँ फ्रैंच महिला लीग का खिताब जीता। ल्योन टीम ने 17 घरेलू खिताब पिछले 18 सीजन में जीते हैं। पेरिस सेंट जर्मेन ने 2021 में उन्हें हराकर खिताबी सफलता हासिल की थी।

### चैट जीपीटी का नया अवतार पुणे के प्रफुल्ल की अगुवाई में बना है–

ओपनआई ने हाल ही में चैट जीपीटी के नए अवतार जीपीटी-40 को लॉन्च किया। इसे बनाने में पुणे के प्रफुल्ल धारीवाल की अहम भूमिका है। वे जीपीटी-40 डेवलप कर रही ओपनएआई की ओमनी टीम के प्रमुख हैं। प्रफुल्ल ने 2009 में भारत सरकार की नेशनल टैलेंट सर्च स्कॉलरशिप और चीन में इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमी ओलिंपियाड में स्वर्ण पदक जीता था। प्रफुल्ल का आईआईटी और अमेरिका के एमआईटी दोनों में चयन हुआ। उन्होंने एमआईटी से कम्प्यूटर साइंस में स्नातक किया। प्रफुल्ल 2016 में रिसर्च इंटर्न के रूप में ओपनएआई से जुड़े। वे जीपीटी-3, डैल-ई 2, ज्यूकबॉक्स और ग्लो सहित कई शीर्ष एआई मॉडलों के सह-निर्माताओं में से भी एक हैं।

■ **रेलवे स्टेशन पर प्लास्टिक की जगह कागज की बोतल में पानी मिलेगा; 40 स्टेशनों से होगी शुरुआत।**

रेलवे में प्लास्टिक का उपयोग न्यूनतम स्तर पर लाने की तैयारी है। जल्द ही ट्रेनों में और स्टेशनों पर प्लास्टिक की बोतल में पानी की बिक्री बंद होगी। पहले चरण में तीन महीने में 40 स्टेशनों पर कागज या प्लास्टिक से इतर वस्तुओं से बनी बोतल में पानी दिया जाएगा। साथ ही नॉन प्लास्टिक मैटेरियल जैसे–कागज, मिट्टी (कुल्हड़), मैटल आदि में पानी की बिक्री करने की योजना है। इसकी शुरुआत महाराष्ट्र, मप्र, दिल्ली, बिहार, केरल और नॉर्थ ईस्ट के 40 स्टेशनों से होगी।

## Newspaper of 20 May, 2024

■ **भारतीय मूल के पायलट गोपीचंद थोटाकुरा भारत के पहले अंतरिक्ष पर्यटक बने; 40 साल बाद भारत ने इतिहास रचा–**

19 मई, 2024 को भारतीय मूल के पायलट गोपीचंद थोटाकुरा ने इतिहास रच दिया। गोपीचंद अंतरिक्ष में उड़ान भरने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक और दूसरे भारतीय बन गए। उन्होंने जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू ओरिजिन की कमर्शियल अंतरिक्ष यात्रा के दौरान उड़ान भरी। उन्हें पायलट के तौर पर चुना गया था। गोपीचंद के साथ छह लागों ने अंतरिक्ष की यात्रा की। गोपीचंद से पहले वर्ष 1984 में भारतीय सेना के विंग कमांडर राकेश शर्मा अंतरिक्ष में पहुँचे थे।

ब्लू ओरिजिन के न्यू शेपर्ड रॉकेट और कैप्सूल (एनएस-25) ने छह यात्रियों को लेकर अमरीका के पश्चिमी टेक्सास से स्थानीय समय के अनुसार रविवार सुबह 9.36 बजे उड़ान भरी। यात्रियों में गोपी थोटाकुरा और एड ड्विट के अलावा उद्यमी मेसन एंजेल, फ्रांसीसी शराब कंपनी मोंट-ब्लैक के संस्थापक सिल्वेन चिरोन, सॉफ्टवेयर इंजीनियर केनेथे एल, हेस व सेवानिवृत्त लेखाकार कैरोल स्कॉलर शामिल थे। कंपनी ने बताया कि कैप्सूल करीब 10 मिनट तक अंतरिक्ष में रहा और उसके बाद सुरक्षित जमीन पर उतर आया। सभी यात्री पूरी तरह से सुरक्षित और स्वस्थ है। इस उड़ान में अमेरिका के पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुने गए 90 वर्षीय एड ड्विट भी शामिल थे, जिन्होंने आखिरकार 60 साल बाद अंतरिक्ष की उड़ान भरी।

अंतरिक्ष यान ने आवाज की गति से तीन गुना से अधिक या 2,000 मील प्रति घंटे से अधिक की गति से उड़ान भरी। रॉकेट ने कैप्सूल को पृथ्वी की सतह से 100 किलोमीटर ऊपर अंतरिक्ष में पहुँचाया। इसके बाद बाहरी अंतरिक्ष शुरू हो जाता है। उड़ान के दौरान यात्रियों ने कुछ मिनटों के लिए भारहीनता का अनुभव किया। केबिन की खिड़कियों से पृथ्वी का अद्भुत नजारा भी देखा।

## Newspaper of 21 May, 2024

■ **ईरान के राष्ट्रपति रईसी का हेलिकॉप्टर हादसे में निधन हुआ–**

19 मई, 2024 को अजरबैजान की सीमा के पास हेलिकॉप्टर क्रैश में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी (63) और विदेशी मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन समेत सभी नौ लोगों की मौत हो गई। इस हादसे के 15 घंटे बाद ईरान सरकार ने मौतों की पुष्टि की। विमान में पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर मलिक रहमती व धर्मगुरु अयातुल्ला अल हाशिम भी शामिल थे। रईसी के बेल 212 हेलिकॉप्टर ने अजरबैजान से 19 मई की शाम 5 बजे उड़ान भरी थी, लेकिन दो घंटे बाद इससे संपर्क टूट गया। ईरान के राष्ट्रपति की मृत्यु होने पर उपराष्ट्रपति मोहम्मद मुखबेर को ईरान का अंतरिम राष्ट्रपति बनाया गया है। उपविदेश मंत्री बाघेरी कनी को विदेश मंत्री बनाया गया है। ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता आयतुल्लाह खामेनेई ने ऐलान करते हुए कहा कि मुखबेर न्यायापालिका के प्रमुख व संसद के स्पीकर भी होंगे। नए राष्ट्रपति का चुनाव 28 जून को होगा।

भारत सरकार ने रईसी की मौत पर देश में 21 मई को शोक की घोषणा की। रईसी के सम्मान में पूरे देश में तिरंगे को आधा झुकाया गया।

■ **एचआइवी वैक्सीन का सफल परीक्षण हुआ; शरीर में मौजूद एंटीबॉडी को सक्रिय करने में सफलता मिली–**

हाल ही में अमेरिका के ड्यूक ह्यूमन वैक्सीन इंस्टीट्यूट के शोधकर्ताओं ने एचआइवी वैक्सीन का सफल परीक्षण किया। शोधकर्ताओं को पहली बार टीकाकरण के माध्यम से एचआइवी के खिलाफ शरीर में मौजूद एंटीबॉडी को सक्रिय करने में सफलता मिली।

जर्नल सेल में प्रकाशित रिपोर्ट में बताया गया कि वैक्सीन कोशिका के बाहरी क्षेत्र को लक्षित करती है। वायरस इसी क्षेत्र में सबसे पहले हमला करता है। एंटीबॉडी एचआइवी संक्रमण को रोकता है। इस वैक्सीन के साथ एंटीबॉडी सक्रिय होती है, जिससे साफ है कि यह एचआइवी को बेअसर करने में कारगर है।

**एचआइवी वैक्सीन का ऐसे किया परीक्षण–**

परीक्षण के दौरान एचआइवी निगेटिव 20 व्यक्तियों को टीके की दो से तीन खुराक दी गई। टीके को डॉ. एस. मुनील आलम और हेन्स ने विकसित किया। दो खुराक के बाद 95% सीरम और 100% सीडी 4 टी-सेल ने प्रतिक्रिया शुरू कर दी। इससे संकेत मिलता है कि इससे मजबूत प्रतिरक्षा

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

शुरू हो गई है। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि शरीर में मोटे तौर पर निष्क्रिय रहने वाले एंटीबॉडी ने प्रारंभिक खुराक के कुछ हफ्तों में ही काम करना शुरू कर दिया था। इस प्रतिक्रिया में आम तौर पर कई साल लग जाते हैं।

## Newspaper of 22 May, 2024

- **अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ( नासा ) नए सिस्टम वाला रॉकेट बनाएगी; इसमें मंगल यात्रा दो साल के बजाय दो महिने में पूरी होगी; इनमें अत्याधुनिक पीपीआर को न्यूक्लियर फ्यूजन पावर से ऊर्जा मिलेगी–**

अंतरिक्ष यान को अभी पृथ्वी से मंगल ग्रह पर पहुँचने में 22 से 24 माह लगते है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ऐसा रॉकेट बनाने जा रही है, जो सिर्फ दो माह में यान को वहाँ पहुँचा देगा। रॉकेट का नाम पल्स्ड प्लाज्मा रॉकेट (पीपीआर) होगा। नासा के अनुसार पीपीआर का प्रोपल्शन सिस्टम अत्याधुनिक होगा। रॉकेट को न्यूक्लियर फ्यूजन पावर सिस्टम से ऊर्जा मिलेगी। एटम तोड़ने पर भारी ऊर्जा पैदा होगी, जिससे रॉकेट तेज रफ्तार से आगे बढ़ेगा। पीपीआर दूसरे रॉकेटों से छोटा और किफायती होगा।

## Newspaper of 25 May, 2024

- **फिलीपींस ने एमबीबीएस प्रवेश नीति में बदलाव किया; भारतीय स्टूडेंट को नीट के बाद सीधा प्रवेश मिलेगा–**

फिलीपींस सरकार ने स्थानीय चिकित्सा शिक्षा नीति में बदलाव किया है। हाल ही में किए गए संशोधन को स्थानीय प्रतिनिधि सभा ने मंजूरी दे दी है। जिससे सभी विदेशी स्टूडेंट के लिए फिलीपींस में पंजीकरण और चिकित्सा का अभ्यास करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

अब फिलीपींस सरकार ने पूरे चिकित्सा शिक्षा तंत्र को 5 वर्ष की मेडिकल की पढ़ाई, 12 महीने की इंटर्नशिप और सभी विदेशी स्टूडेंट्स को लाइसेंस के लिए स्थानीय लाइसेंसिंग परीक्षा में बैठने की अनुमति का प्रस्ताव पारित किया है। नवंबर, 2021 में नेशनल मेडिकल कमीशन ऑफ इंडिया की ओर से अधिसूचना जारी होने से पहले फिलीपींस में 12 से 16 माह के बेचलर ऑफ साइंस कोर्स और एनमेट की परीक्षा पास करने के बाद प्रवेश मिलता था। लेकिन अब नई व्यवस्था से भारतीय विद्यार्थियों को नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद एनमेट की परीक्षा और कोर्स करने की आवश्यकता नहीं रहेगी। वर्तमान में करीब 18 हजार भारतीय विद्यार्थी फिलीपींस में अध्ययनरत हैं।

## Newspaper of 26 May, 2024

- **77वें कान्स फिल्म महोत्सव-2024 के पुरस्कार दिए गए; इसमें पायल कपाड़िया की फिल्म को ग्रांड प्रिक्स अवॉर्ड मिला तथा अनसुइया सेन सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री चुनी गई–**

25 मई, 2024 को 77वें कान्स फिल्म महोत्सव में आयोजित पुरस्कार समारोह में भारतीय फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' की धूम देखने को मिली। पायल कपाड़िया की फिल्म ने फेस्टिवल में ग्रांड प्रिक्स जीता है। ग्रांड प्रिक्स, पाल्मे डी'ओर के बाद में महोत्सव का दूसरा सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है। वहीं पाल्मे डी'ओर अवॉर्ड 'अनोरा' को मिला है। कोलकाता की रहने वाली अभिनेत्री अनसुइया सेन गुप्ता फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। बल्गेरियाई निर्देशक कॉन्स्टेंटिन बोजानोव की हिंदी भाषा की फिल्म द शेमलेस की अभिनेत्री अनसुइया ने 2024 कान्स फिल्म फेस्टिवल में अन सर्टन रिगार्ड कैटेगरी में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीतकर इतिहास रचा। वह इस कैटेगरी का टॉप अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय कलाकार हैं।

## Newspaper of 27 May, 2024

- **आईपीएल 2024 का खिताब कोलकाता नाइटराइडर्स को मिला; IPL में तीसरी बार विजेता बनीं–**

इंडियन प्रिमियर लीग-2024 का खिताब कोलकाता नाइटराइडर्स को मिला है। कोलकाता नाइटराइडर्स ने फाइनल मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराया। यह आइपीएल का 17वाँ चरण था। कोलकाता नाइटराइडर्स ने कुल तीन बार 2012, 2014 व 2024 में IPL खिताब जीता है।

**पर्पल कैप प्राप्त करने वाले खिलाड़ी**

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल | पंजाब | 24 |
| वरुण | कोलकाता | 21 |
| बुमराह | मुंबई | 20 |

**ऑरेंज कैप प्राप्त करने वाले खिलाड़ी**

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| विराट | बेंगलुरू | 741 |
| ऋतुराज | चेन्नई | 583 |
| रेयान | राजस्थान | 573 |

- **फेयरल प्ले अवार्ड** सनराइजर्स हैदराबाद को मिला।
- **मोस्ट वेल्यूवल प्लेयर का अवार्ड**–कोलकाता के सुनील नरेन (17 विकेट 488 रन) को मिला।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **इमर्जिंग प्लेयर का अवार्ड**–हैदराबाद के कुमार रेड्डी (13 मैच, 303 रन) को मिला।

**शीर्ष चार स्थानों पर निम्न टीमें रहीं–**

| टीम | स्थान | अवार्ड्स राशि |
|---|---|---|
| कोलकाता नाइटराइडर्स | प्रथम (चैम्पियन) | ₹20 करोड़ |
| सनराइजर्स हैदराबाद | द्वितीय (उपविजेता) | ₹12 करोड़, 50 लाख |
| राजस्थान रॉयल्स | तृतीय (तीसरा) | ₹07 करोड़ |
| बेंगलुरू | चतुर्थ (4th) | ₹6.5 करोड़ |

- **एफएसएसआइ ने मानव दूध की बिक्री को अनुमति नहीं दी–**

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसआइ) ने मानव दूध की प्रोसेसिंग या बिक्री की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। एफएसएसएआइ ने कहा कि मानव दूध व उसके उत्पादों के व्यावसायीकरण से संबंधित गतिविधियों को रोक दिया जाना चाहिए। एफएसएसएआइ ने 'मानव दूध व उत्पादों के अनधिकृत व्यावसायीकरण पर सलाह' नाम से एडवाइजरी जारी की है।

- 26 मई, 2024 को गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर पहुँचा एमसी अन्ना वैसल जहाज किसी भारतीय बंदरगाह पर आने वाला अब तक का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज है। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इस जहाज की लम्बाई 399.98 मीटर है, जो कि चार फुटबॉल के मैदानों के बराबर है।
- हाल ही में तेलंगाना सरकार ने तेलंगाना राज्य में निकोटिन व तम्बाकू वाले गुटखे तथा पान मसाले पर तत्काल प्रभाव से एक वर्ष के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। इसके तहत तेलंगाना राज्य में गुटखा और पान मसाला बनाने, भंडारण, वितरण, परिवहन और बिक्री पर रोक लगाई गई है। यह प्रतिबंध पाउच, पैकेज और कंटेनर सहित गुटखा तथा पान मसाला के सभी रूपों पर लागू किया गया है।

## Newspaper of 28 May, 2024

- **भारतीय सेना को हाइड्रोजन फ्यूल से चलने वाली बस मिली–**

27 मई, 2024 को सेना ने पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के साथ समझौता किया है जिसके तहत हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाली बस भारतीय सेना को मिली है। इस बस की क्षमता 37 यात्रियों की है और यह 30 किलोग्राम हाइड्रोजन ईंधन में एक बार में 250 से 300 किलोमीटर की दूरी तय कर सकती है।

- **26 मई, 2024 को लिथुआनिया में निवर्तमान राष्ट्रपति गितानस नौसेदा यहाँ हुए चुनाव में इंग्रिडा सिमोनीटे को हराकर एक बार फिर से लिथुआनिया के राष्ट्रपति बने हैं। नौसेदा को 74.43 प्रतिशत मत मिले, वहीं सिमोनीटे 24.06 प्रतिशत मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे।**

## Newspaper of 29 May, 2024

- **भारतीय शांति रक्षक मेजर राधिका सेन को यूएन अवार्ड–**

हाल ही में कांगों में संयुक्त राष्ट्र मिशन में सेवा दे चुकी भारतीय महिला शांति रक्षक मेजर राधिका सेन को सैन्य पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गई। वे वर्ष 2023 का 'मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर' अवॉर्ड पाने वाली दूसरी भारतीय शांति रक्षक हैं। वर्ष 2019 में यह अवॉर्ड मेजर गवानी को दिया गया था।

- **सुविधा-सुरक्षा के लिए कतर एयरवेज दुनिया की सर्वश्रेष्ठ एयरलाइंस बनी–**

मई, 2024 में एयरलाइन रेटिंग्स डॉट कॉम की वर्ष 2024 के लिए जारी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ एयरलाइंस की सूची के अनुसार सुविधाओं और सुरक्षा समेत अन्य मुद्दों पर आकलन में कतर एयरवेज दुनिया की सर्वश्रेष्ठ एयरलाइंस है। उसने न्यूजीलैंड के एयरलाइंस को पीछे छोड़ा। इसके बाद कोरियन एयर दूसरे नंबर पर है। टॉप-50 एयरलाइंस में कोई भी भारतीय एयरलाइंस शामिल नहीं है। इस सूची को यात्री सुरक्षा, विमानों की स्थिति, सरकारी ऑडिट, नए विमानों की खरीदी समेत 12 प्रमुख बिंदुओं के आधार पर तैयार किया गया है।

## Newspaper of 30 May, 2024

- **डीआरडीओ ने एंटी रेडिएशन मिसाइल रुद्रम-2 का सफल परीक्षण किया–**

मई, 2024 में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने हवा से सतह पर मार करने वाली एंटी रेडिएशन मिसाइल रुद्रम-2 का ओडिशा तट पर सफल परीक्षण किया। परीक्षण वायुसेना के लड़ाकू विमान सुखोई-30 से किया गया। डीआरडीओ के अनुसार परीक्षण में सभी उद्देश्य पूरे हुए। इससे भारतीय सशस्त्र बलों की ताकत कई गुणा बढ़ जाएगी। भारत के पास फिलहाल रूसी एंटी रेडिएशन मिसाइल केएच-31 है। रुद्रम मिसाइलें इसकी जगह लेंगी।

गौरतलब है कि रुद्रम-2 स्वदेशी तौर पर विकसित ठोस प्रणोदक वायु-प्रक्षेपित मिसाइल प्रणाली है, जो दुश्मन के लक्ष्यों को नष्ट करने में सक्षम है। अत्याधुनिक स्वदेशी प्रौद्योगिकियों को मिसाइल प्रणाली में शामिल किया गया।

- **भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी पर नया सर्कुलर जारी किया–**

29 मई, 2024 को भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों के लिए

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

मास्टर सर्कुलर जारी कर जिसके तहत मानदंडों में बड़े बदलाव किए हैं जिसके तहत अस्पताल से डिस्चार्ज रिक्वेस्ट की रसीद मिलने के बाद तीन घंटे में बीमा कंपनियों को कैशलेस क्लेम क्लियर करना होगा। किसी भी दशा में पॉलिसीधारक को अस्पताल से छुट्टी मिलने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। तीन घंटे से ज्यादा देरी होती है और हॉस्पिटल एक्स्ट्रा चार्ज लेता है तो यह अतिरिक्त राशि बीमा कंपनी को देनी होगी। इलाज के दौरान पॉलिसीधारक की मृत्यु की हालत में बीमाकर्ता क्लेम सेटलमेंट रिक्वेस्ट पर तुरंत कार्रवाई करेगा। साथ ही पार्थिव शरीर को यथाशीघ्र अस्पताल से निकलवाएगा। इरडा ने कहा है कि बीमा कंपनियों को समयबद्ध तरीके से 100 फीसदी कैशलेस क्लेम निपटाने के प्रयास करने चाहिए। इरडा ने बीमाकर्ताओं से दावे जल्दी निपटाने का लक्ष्य पूरा करने के लिए 31 जुलाई, 2024 तक जरूरी इंतजाम करने को कहा कहा है। बीमाकर्ता कैशलेस क्लेम और सहायता के लिए अस्पताल में हेल्प डेस्क की व्यवस्था कर सकते हैं। इसके अलावा प्री-ऑथराइजेशन प्रोसेस के लिए डिजिटल मोड का इस्तेमाल करने का सुझाव दिया गया है।

**निम्नलिखित बदलाव भी किए गए–**

- बीमा कंपनियों को प्रत्येक पॉलिसी दस्तावेज के साथ ग्राहक सूचना पत्र (सीआइएस) भी उपलब्ध कराना होगा।
- पॉलिसी अवधि के दौरान कोई दावा न होने की हालत में बीमाकर्ता पॉलिसीधारकों को बीमा राशि बढ़ाकर या प्रीमियम राशि में छूट देकर नो क्लेम बोनस चुनने का विकल्प देगा।
- यदि पॉलिसीधारक पॉलिसी अवधि के दौरान पॉलिसी रद्द करने का विकल्प चुनता है, तो उसे शेष पॉलिसी अवधि के लिए प्रीमियम/आनुपातिक प्रीमियम की वापसी मिलेगी।

## Newspaper of 31 May, 2024

### भारत ने दुनिया के पहले 3D रॉकेट 'अग्निबाण' की सफल लॉन्चिंग की–

30 मई, 2024 की सुबह श्रीहरिकोटा के लॉन्च पैड से दुनिया के पहले 3डी रॉकेट 'अग्निबाण' की सफल लॉन्चिंग कर भारत ने स्पेस टेक्नोलॉजी में नया इतिहास रच दिया। यह सब-ऑर्बिटल टेक्नोलोजिकल डेमोस्ट्रेटर (सॉर्टेड) रॉकेट चेन्नई के अंतरिक्ष स्टार्टअप 'अग्निकुल कॉसमॉस' ने तैयार किया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार अग्निबाण सॉर्टेड-01 मिशन का सफल प्रक्षेपण बड़ी उपलब्धि है। यह सेमी-क्रायोजेनिक लिक्विड इंजन की पहली कंट्रोल्ड फ्लाइट थी। 'अग्निबाण' दो चरणें वाला लॉन्च व्हीकल है, जिसे काफी हद तक कस्टमाइज किया जा सकता है। यह 300 किलोग्राम का पेलोड ले जा सकता है और उसे 700 किलोमीटर की ऊँचाई पर ऑर्बिट में स्थापित कर सकता है।

**मिशन में एक साथ तीन बड़ी उपलब्धियाँ–**अग्निबाण सॉर्टेड-01 मिशन के जरिए अग्निकुल कॉसमॉस ने तीन उपलब्धियाँ हासिल कीं। पहली-निजी लॉन्च पैड (श्रीहरिकोटा में अग्निकुल लॉन्च पैड, जिसका नाम धनुष है) से देश की पहली लॉन्चिंग, दूसरी-देश के पहले सेमी-क्रायोजेनिक इंजन पावर्ड रॉकेट की लॉन्चिंग और तीसरी-लॉन्च व्हीकल को पावर देने के लिए घरेलू स्तर पर डिजाइन कर बनाए पहले सिंगल-पीस 3डी प्रिंटेड इंजन का इस्तेमाल।

**इसरो ने इस्तेमाल नहीं की ऐसी तकनीक–**अग्निबाण सॉर्टेड-01 रॉकेट लिक्विड और गैस प्रोपेलेंट्स के मिक्सचर के साथ सेमी-क्रायोजेनिक इंजन का इस्तेमाल करता है। यह ऐसी तकनीक है, जिसे इसरो ने अपने किसी रॉकेट में अब तक इस्तेमाल नहीं किया। अग्निबाण सॉर्टेड-01 मिशन लॉन्च करने की अग्निकुल को यह पाँचवीं कोशिश थी। कंपनी 22 मार्च से इसमें जुटी थी।

□□□

संजीव प्रकाशन (watermark)

# संजीव®


**49 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी


### मनोहर सिंह कोटड़ा की प्रसिद्ध पुस्तक

# राजस्थान ATLAS 2024-25


का नवीन अंक सर्वत्र उपलब्ध




### सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की श्रेष्ठ पुस्तक





## संजीव प्रकाशन की अन्य उपयोगी पुस्तकें


























संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

**संजीव वेबसाइट एवं Telegram चैनल से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Book भी खरीद सकते हैं।**

प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com